# The Anti-Racism Observatory



स्कॉटलैंड एक नई संरचना करने जा रहा है - दा ऑब्जर्वेटरी (वेधशाला) - स्कॉटिश सरकार (Scottish Government) और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के निकायों को जातिवाद के विरुद्ध प्रतिबद्धता के लिए उत्तरदायी ठहराने के लिए। जातिवाद कैसे कार्य करता है, इस बारे में ऑब्जर्वेटरी स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता की आतिथेय करेगी। यह स्कॉटिश सरकार को स्थायी जातिवाद विरोधी नीतियों और प्रथाओं को प्रदान करने में सहायता करेगा। यह सुनिश्चित करने के लिए हम आपसे सुनना चाहेंगे कि स्कॉटलैंड में जातिवाद विरोधी कार्यवाहियां जातिवाद से प्रतिकूल रूप से प्रभावित लोगों के प्रति उत्तरदायी हैं।

## अब हम ऐसा क्यों कर रहे हैं?

COVID-19 महामारी ने जातीय असमानता को वैश्विक स्तर पर उजागर किया है। स्कॉटिश सरकार ने विशेष रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र में जातीय असमानताओं को संबोधित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता बढ़ा दी है। 2030 तक, स्कॉटिश सरकार एक निष्पक्ष, समावेशी स्कॉटलैंड "जहां हर कोई घर जैसा महसूस कर सके"[1] के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हुई है। हमें इस गति का उपयोग करने की आवश्यकता है, और यह ऑब्जर्वेटरी इस प्रतिबद्धता की निगरानी और इसका एहसास करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

[1] https://www.gov.scot/publications/fairer-scotland-action-plan/

# पहले क्या हुआ है और इसने काम क्यों नहीं किया?

20 वर्षों में स्कॉटलैंड में जाति समानता से संबंधित 817 प्रतिबद्धताओं और कार्यों[2] के साथ 39 नीतियां रही हैं[2]। इसके होते हुए भी बहुत कम प्रगति हुई है। जैसा कि इस आरेख द्वारा दिखाया गया है, जातीय समानता और अधिकार के लिए गठबंधन (CRER) द्वारा वर्तमान के कार्य ने दिखाया है कि इसमें एक दुष्चक्र है जो प्रगति को रोकता है।

1. सबसे पहले, जब एक नये "जाति समानता" प्रस्ताव की घोषणा की जाती है, तो यह बहुत अधिक प्रचार के साथ होता है, लेकिन जो पहले हुआ है उस पर थोड़ा ध्यान दिया जाता है।

2. समुदायों को यह नहीं बताया जाता है कि उनके द्वारा दी गई जानकारी के साथ क्या किया गया है और उन्हें अक्सर निर्णय लेने में शामिल नहीं किया जाता।

3. इसलिए, जब नई नीतियां शुरु की जाती हैं, तो वे अप्रासंगिक कार्यवाहियां की जाने के कारण विफल हो जाती हैं।

CRER
coalition for racial equality and rights

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नए विकास की घोषणा की जानी | सकारात्मक वाक्पटुता |
| | | नवीनतम लोकप्रिय शब्द |
| 2 | साक्ष्य और भागीदारी | पहले वाले मुद्दे |
| | | परामर्श थकान |
| 3 | प्रारूपण और निर्णय | संगठन के एजेंडे के अनुरूप साक्ष्य को जो उपलब्ध है से चुना जाना |
| 4 | शुरु करना | हित बढ़ता है |
| 5 | पतन | कार्यवाहियों का विफल होना - वे गलत थीं |
| | | कर्मचारियों या नेतृत्व में परिवर्तन |
| | | प्राथमिकताओं में परिवर्तन |

[2] https://www.gov.scot/publications/crer-anti-racist-policy-making-scotland-review-summary/

इस विफलता के लिए कोई उत्तरदायी नहीं होता क्योंकि इन नीतियों को प्रदान करने वाले लोगों में निरंतरता की कमी है और राजनीतिक प्राथमिकताएं बदलती रहती हैं।

# ऑब्जर्वेटरी भिन्न कैसे होगी?

जातिवाद से प्रभावित समुदायों के लिए वास्तविक, दीर्घकालिक परिवर्तन करने के लिए, ऑब्जर्वेटरी निम्नलिखित करेगी:

1. **जातिवाद विरोधी अभ्यास:** हमें उन प्रक्रियाओं को सक्रिय रूप से भंग करना चाहिए जिनके माध्यम से जातिवाद हमारी प्रणालियों और संस्थानों (जैसे संगठनों, सार्वजनिक सेवाओं स्कूलों सहित और एनएचएस, और स्कॉटिश सरकार) में अंतर्निहित और प्रबलित है।
2. **समुदायों द्वारा नेतृत्व हो:** जातिवाद से प्रभावित समुदायों के नाम पर बनाई गई नीतियों का नेतृत्व समुदायों द्वारा किया जाना चाहिए।
3. **समुदायों के प्रति उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना:** सरकार को इस बात का पता लगाना चाहिए कि पहले क्या हो चुका है, जातिवाद-विरोधी नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी करें, और जातिवाद से प्रभावित समुदायों को की गई प्रगति के बारे में सूचित करें।
4. **जातीय समुदायों की रक्षा करें:** जातिवाद विरोधी नीतियों को आकार देने के लिए जातिवाद से प्रभावित समुदायों के लिए सुरक्षित स्थान बनाए जाने चाहिए।

# ऑब्जर्वेटरी क्या करेगी?

ऑब्जर्वेटरी के लिए निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। यद्यपि, यह एक चल रहा कार्य है, और हम इस बारे में आपसे सुनना चाहेंगे। इस प्रक्रिया में सह-तैयारी शामिल है, जो लोगों के साथ ऑब्जर्वेटरी का रूपांकन कर रही है, इसलिए ऑब्जर्वेटरी के कार्य यहां प्रस्तावित किए कार्यों से भिन्न हो सकते हैं:

1. जातिवाद और जातिवाद विरोध पर पिछले और वर्तमान में चल रहे काम का प्रतिचित्रण और मार्गदर्शन करना ताकि हम नज़र रख सकें। इस सार्वजनिक रूप से उपलब्ध परस्पर-प्रभाव वाले मानचित्र में स्वास्थ्य पर किए जा रहे कार्यों के साथ-साथ समुदायों को प्रभावित करने वाले आर्थिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कारक शामिल होंगे।
2. सार्वजनिक और निजी क्षेत्र से जातिवाद और जातिवाद विरोधी डेटा का विश्लेषण करना।
   - जातिवाद विरोधता को बढ़ावा देने के लिए ऑब्जर्वेटरी डेटा का उपयोग करने के लिए अच्छा अभ्यास विकसित करेगी।
3. सार्वजनिक क्षेत्र में जातिवाद विरोधता के लिए स्कॉटिश सरकार को उत्तरदायी ठहराना, उदाहरण के लिए:
   - संस्थानों को जातिवाद-विरोधी कार्रवाइयों को प्रदान करने की निगरानी के लिए उपाय विकसित करने चाहिए।
   - संस्थानों को जातिवाद पर डेटा में अंतराल, इन अंतरालों के परिणामों और उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है, का आकलन करना चाहिए।
4. जातिवाद से प्रतिकूल रूप से प्रभावित संस्थानों और लोगों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना।
5. जातिवाद से प्रतिकूल रूप से प्रभावित लोगों के साथ जातिवाद-विरोधी नीतियों और प्रथाओं को पुर-जोर सहयोग देना और सह-तैयारी करनी।

हम ऑब्जर्वेटरी पर आपके विचारों के बारे में आपसे सुनना पसंद करेंगे, और स्कॉटलैंड में परिवर्तन करने वाली नीति और अभ्यास के लिए यह कैसे सबसे अच्छा काम कर सकती है। एक 2-मिनट का सर्वेक्षण पूरा करने के लिए कृपया अपने फ़ोन से QR कोड स्कैन करें।

अधिक जानकारी के लिए आप हमें iggantiracism@gmail.com पर ईमेल कर सकते हैं।

